खबर संक्षेप

पैसे नहीं देने पर दी धमकी, जेल भेजा गया

कटनी। बहोरीबंद थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी अनुराग साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, बहोरीबंद निवासी रामविशाल साहू (47), पिता शंकरलाल साहू ने 6 अक्टूबर 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनुराग साहू ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 516/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी अनुराग साहू, पिता रामसहाय साहू, निवासी बहोरीबंद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक अनुराग पाठक, प्रधान आरक्षक के.के. शुक्ला, आरक्षक मोहित साहू, अतुल जैन तथा सैनिक हरिहर दुबे और राजकुमार सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दो पक्षों में हुआ टकराव

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हवारा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। प्रथम पक्ष की ओर से रमेश मौर्य 37 वर्ष निवासी कन्हवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामशंकर मौर्य एवं सिद्धार्थ मौर्य ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की की ओर से रामशंकर मौर्य 46 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने रमेश मौर्य और भुअर मौर्य के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है। रामशंकर का आरोप है कि आरोपियों ने उनके घर के बाहर आकर गालियां दीं और लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण में जुटें सभी

कटनी। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण को लेकर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आज से सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिकायतों की नियमित समीक्षा करने, लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने तथा संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन शासन की जनसमस्याओं के समाधान की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इसमें दर्ज प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता से आवश्यक संपर्क, प्रकरण की वास्तविक स्थिति का परीक्षण और नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शिकायतों को केवल औपचारिकता के लिए निराकृत न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान प्राथमिकता हो।

शारदेय नवरात्र में माताराणी के पूजन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

नवरात्र विशेषः शारदा मंदिर में माताराणी की कृपा से मृत बालक हो गया था जीवित

स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम खड़रा स्थित शारदा मंदिर में समाये है कई अनूठे रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आदिशक्ति जगत जननी की आराधना का पावन पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। चहुंओर माताराणी की जयजयघोष हो रही है। भक्त माताराणी की भक्ति में लीन है। स्लीमनाबाद तहसील मे शारदेय नवरात्र की धूम है। पंडालो में दुर्गा प्रतिमा विराजित है। विद्युत की रौशनी से पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हुए है। देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे है। एक से बढ़कर एक दुर्गा पंडाल सुशोभित हो रहे है। प्रतिदिन भक्त देवी पंडालो में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लें रहे है। सोमवार को माताराणी के दूसरे रूप माता ब्रह्माचारिणी की पूजा अर्चना कर श्रंगार किया गया।

तहसील स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम खड़रा में शारदा मंदिर स्थापित है जो अपने अनूठे रहस्यो को संजोय रखा है। मंदिर के पुजारी भजनलाल पंडा ने बताया कि यह स्थल 350 वर्षो से अधिक पुराना है। चार पीढ़ी से हमारे वंशज ही माताराणी की पूजा करते चले आ रहे हैद्ध इस मंदिर को लेकर एक किवंदती प्रचलित है जिसमें कहा जाता है कि जंगल में गाय ओर भेड़ बकरी चराने गए बालको ने खेल खेल में एक बालक को बकरा बनाते हुए पशु पक्षियो के पंखा ओर हड्डियों की तलवार बनाकर उसकी गर्दन में रख दिया। हड्डियों से बनी तलवार से ही उस बालक की गर्दन काटकर अलग हो गई। यह देखकर बच्चें घबरा कर घर भाग गए ओर अपने माता पिता को यह बात बताई। परिवार व ग्रामीणजन मंदिर के पंडा के पास पहुंचें।

पंडा ग्रामीणों के साथ उस जगह पहुंचें जहाँ बालक मृत पड़ा हुआ था। पंडा ने बालक के सिर को धड़ के पास लगाकर कपड़े से ढंक दिया ओर माताराणी की साधना शक्ति में लोग जुट गए। माताराणी की ऐसी कृपा होई कि कुछ देर बाद मृत बालक जिन्दा हो उठा तभी से यह मंदिर प्रसिद्ध हो गया। दान दाताओ के द्वारा मंदिर का सर्वांगींण विकास किया गया।

मंदिर में स्थापित पत्थरों के बढ़ने का अनोखा रहस्य

मंदिर में स्थापित पत्थर भी अपने आप बड़े आकार में परिवर्तित हो रहे जो अनोखा रहस्य है। आखिर पत्थर कैसे अपने आप बड़े आकार मैं परिवर्तित हो जाते है यह भी एक रहस्य इस मंदिर से जुडा है!इसके साथ अन्य मान्यताये भी है। मंदिर में आस्था के साथ जो भक्त अपनी मनोकामना करते है वो मनोकामना भी पूर्ण होती है। नवरात्र के चलते लोगों ने अपनी मन्नत के अनुरूप ज्वारे खप्पर स्थापित किये है, जिनकी मन्नते पूर्ण हुई है वे ही दोनों पहर माता के दर्शन को आते है। सोमवार को नवमी तिथि पर विशाल ज्वारे जुलूस निकाला जायेगा। खड़रा स्थित शारदा मंदिर पहुंचने के लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व सिहोरा उलदना से पहुंच मार्ग है।

दस्तावेजों का दुरूपयोग कर 4.65 लाख का ले लिया लोन

न्यायालय के आदेश के बाद रंगनाथ नगर पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में दस्तावेजों के दुरूपयोग और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। अदालत के सख्त आदेश के बाद पुलिस ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, दिल्ली के प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटसाच और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पीड़ित नागरिक के नाम पर उसकी जानकारी के बिना ही लाखों रुपये का ऋण स्वीकृत करा लिया गया था, जिसकी भनक उसे बाद में लगी।

मामला वर्ष 2019 का है, जिसकी शुरुआत रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत जे-3, डन कॉलोनी, बरगंवा निवासी दीपक रंजन चंदेल (पिता शिवकुमार चंदेल, करीब 38 वर्ष, हाल निवासी दर्शन नगर, बहोरीबंद) के साथ हुई। दीपक रंजन चंदेल मूल रूप से कटनी जिले के बहोरीबंद तहसील के दर्शन नगर के रहने वाले हैं और वर्तमान में रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र की डन कॉलोनी में निवास करते हैं। परिवादी के अनुसार, वर्ष 2019 में अज्ञात लोगों और बैंक स्तर पर उनके निजी दस्तावेजों (पर्सनल डॉक्यूमेंट्स) का गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया। उनकी जानकारी और सहमति के बिना उनके नाम पर 4,65,000 रुपये का ऋण (लोन) ले लिया गया, जिसकी उन्हें कोई भनक तक नहीं थी।

पीड़ित को जब अपने नाम पर लिए गए इस फर्जी ऋण के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने स्तर पर न्याय पाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का सहारा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने परिवाद पर सुनवाई की और कड़े निर्देश जारी किए।न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रंगनाथ नगर थाने में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, दिल्ली के प्रबंधक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता (भादवि) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस फर्जी ऋण को स्वीकृत करने के पीछे बैंक के भीतर या बाहर और कौन-कौन लोग संलिप्त थे तथा दस्तावेजों का यह दुरुपयोग किस स्तर पर किया गया।

दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक लाख 10 हजार रूपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र से एक ऐसा ही गंभीर मामला सामने आया है, जहां दुबई में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से एक लाख दस हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 5 मार्च 2025 से 16 सितंबर 2025 के बीच की है। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत कटायेघाट मोड़ के सामने स्थित 'बल्ला ऑनलाइन दुकान' पर यह पूरा फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया। बाबू वंशस्वरूप वार्ड बरगंवा, कटनी निवासी प्रार्थी मोहम्मद अकबर (पिता अब्दुल सत्तार) को आरोपी ने दुबई में आकर्षक वेतन पर नौकरी दिलाने का लालच दिया था। आरोपी ने विश्वास में लेने के लिए वीजा लगवाने, एयर टिकट बुक कराने और मेडिकल टेस्ट के नाम पर विभिन्न बहानों से ऑनलाइन माध्यम (फोन-पे) का उपयोग करते हुए कुल 1,10,000 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए।पैसे मिलने के बाद बंद कर लिया फोनरुपये ट्रांसफर होने के बाद जब मोहम्मद अकबर ने वीजा, टिकट और अपनी फ्लाइट की प्रक्रिया के बारे में पूछताछ शुरू की, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। कुछ समय बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन पूरी तरह से बंद कर लिया और संपर्क के सभी रास्ते काट दिए। अपने साथ हुई ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में इसकी आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। धोखाधड़ी को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी गुलाम मुस्तफा फारुकी है, जो मूल रूप से सरायु नगर, कुंडा, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। पीड़ित की शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

चाकू से हमला कर 12 हजार छीने

कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शेर चौक में चाकूबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। बाइक ठीक से चलाने की बात कहने पर दो युवकों ने किराना दुकान में काम करने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घटना में घायल कर्मचारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं, घायल ने हमलावरों पर कथित रूप से 12 हजार छीनकर ले जाने का भी आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, घायल संतोष साहू (30), पिता भोला साहू, निवासी कुशवाहा नगर, कुठला, झंडा बाजार स्थित एक किराना दुकान में काम करता है। बताया जा रहा है कि काम खत्म करने के बाद वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान शेर चौक के पास दो बाइक सवार युवकों को उसने ठीक से बाइक चलाने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और दोनों युवकों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घायल संतोष साहू का आरोप है कि हमलावर उसके पास रखे □12 हजार भी छीनकर ले गए। बताया जा रहा है कि यह रकम उसकी महीनेभर की पगार थी। घटना के बाद घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

सार्वजनिक स्थान पर दिनदहाड़े हुई इस घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विद्यार्थियों को जैविक खेती का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जैविक खेती की तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे विद्यार्थियों को कम लागत वाली प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पद्धतियों की तकनीकी जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत फसल चक्र, मिश्रित खेती, अंतरफसल पद्धति और बहुफसली कृषि पद्धति के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही, मुख्य फसलों के साथ नगदी फसलों की खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के तरीके भी बताए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि वैज्ञानिक तरीके से फसलों का चयन और खेत में विभिन्न फसलों का समन्वित उत्पादन करने से कृषि संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। इससे खेती की लागत कम करने के साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिलती है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को बताया गया कि फसल चक्र, मिश्रित खेती और अंतरफसल जैसी पद्धतियां अपनाकर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और खेती की लागत घटाने की दिशा में प्रयास किए जा सकते हैं।

शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ढीमरखेड़ा के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ सहभागिता की।

शोभायात्रा का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर से हुआ। इसके बाद यात्रा खेर माता मंदिर पहुंची मे पूजा अर्चना की गई तथा ब्लॉक परिसर में स्थित श्री हनुमान मंदिर तक निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक जयकारों और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया। ग्राम के नागरिकों ने शोभायात्रा में शामिल होकर धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचक ज्ञानेश जी महाराज जी द्वारा किया जा रहा है। समिति का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग से जोड़ना है।समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से अपील की है कि वे कथा स्थल पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और धर्मलाभ प्राप्त करें। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं में कथा श्रवण को लेकर विशेष उत्सुकता देखी जा रही है।

चार दरोगाओं, हांका गैंग प्रभारी एवं लिपिक को नोटिस जारी करने निर्देश

अवैध मैरिज गार्डन, निर्माण सहित कॉलोनी पर कार्यवाही का रोस्टर तैयार करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर लंबित प्रकरणों पर समयबद्ध और गंभीरता से कार्यवाही के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने टीएल प्रकरणों, बजट प्लानिंग, लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं न्यायालयीन प्रकरणों, हितग्राही मूलक योजनाओं सहित विभागीय कार्यो की समीक्षा कर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान नगर की समुचित सफाई व्यवस्था सहित सार्वजनिक मार्गो के घुमंतू मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा डेयरी विस्थापन की कार्यवाही में लापरवाही करने बरतने पर निगमायुक्त ने गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए जहां स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। वहीं स्वच्छता मित्रों की कम उपस्थिति पर वार्ड क्रमांक 18,19 20, 21 एवं 35 के दरोगाओं रतन परिहार नरेन्द्र सोनखरे, गौरव तिवारी एवं जितेन्द्र मलिक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम की रीढ़ है और नगर का समुचित विकास निगम की राजस्व आय पर निर्भर करता है। अतः राजस्व अमला निर्धारित दैनिक वसूली लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करे। समीक्षा के दौरान नामांतरण लिपिक संजय पाठक द्वारा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निगमायुक्त ने अंतिम चेतावनी देते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नगर में अवैध मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने बिना अनुमति एवं स्वीकृत अनुमति के विपरीत किए गए निर्माणों को चिह्नित करनें के उपरांता रोस्टर के अनुसार कंपाउंडिंग एवं नोटिस जारी करने की कार्रवाई करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोर्टल पर उपयंत्रीवार लंबित भवन अनुज्ञा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए फाइलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि निर्माण संबंधी प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो। नगर के समुचित विकास हेतु निगम के महत्पूर्ण प्रोजेक्ट, प्रियदर्शनी बस स्टैंड, सराय काम्पलेक्स, गोल बाजार, सब्जी मंडी, मीट मार्केट, डेयरी प्रोजेक्ट, हाकर्स जोन, खिरहनी मार्केट एवं अन्य बड़ी योजनाओं हेतु भूमि आवंटन की कार्यवाही, अनुबंध निष्पादन एवं कार्य प्रारंभ तिथि अदि का समयसीमा में क्रियान्वयन करते हुए निर्धारित टाईमलिमिट में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बालिकाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

बालिका अधिकारों एवं बाल विवाह रोकथाम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के सशक्तिकरण, अधिकारों के प्रति जागरूकता और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, लैंगिक समानता तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की इस वर्ष की थीम बाल विवाह को समाप्त करना और बालिका अधिकारों को सुनिश्चित करना के अनुरूप जिले के विभिन्न बालिका छात्रावासों में रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। परियोजना बहोरीबंद के शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालिका छात्रावास बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास तथा ढीमरखेड़ा के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास सिलोड़ी में बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी बचाओ की थीम पर रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से बालिका संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया।

इन कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इसके उन्मूलन में समाज की भूमिका के बारे में भी बताया गया। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बालिकाओं ने रंगों के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण और उनके अधिकारों से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रावधानों की दी जानकारी

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में बाल विवाह रोकथाम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), तथा लैंगिक समानता विषय पर जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, के प्रमुख प्रावधानों के साथ बाल विवाह प्रतिषेध दहेज प्रतिषेध से अवगत कराया गया।

महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से जुड़ी छात्राओं की यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के मामले में कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने सोमवार शाम विरोध प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना सरावगी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना तिराहे पर प्रदर्शन करते हुए सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के विरुद्ध नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना सरावगी ने कांग्रेस पर महिला सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ नेत्री श्रीमती अलका जैन ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी महिलाओं के सम्मान की बात करती हैं, लेकिन महिलाओं से जुड़े गंभीर मामलों में पार्टी का रुख अलग दिखाई देता है।

जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी ने आरोप लगाया कि महिला सम्मान की बात करने वाली कांग्रेस अपने सांसद के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर उदासीन रवैया अपना रही है। उन्होंने जेएनयू से जुड़ी छात्राओं की शिकायतों का उल्लेख करते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में श्रीमती सपना सरावगी, श्रीमती अलका जैन, श्रीमती सीमा जैन सोगानी, सुश्री अंकिता तिवारी, श्रीमती पार्वती तामिया, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती गीता श्रीवास्तव, रवि खरे, कैलाश जैन सोगानी, पारस जैन, रम्मू साहू, मनीष दुबे, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप



मां वीरासन पाली कचनारी में नवरात्र मेला शुरू

सिलौंडी। सिलौंडी के समीपवर्ती मां वीरासन मंदिर में 10 दिवसीय नवरात्र मेला शुरू हो गया है।मां वीरासन देवी शक्ति का दिव्य रूप हैं और वीरता की प्रतीक मानी जाती हैं। इनका प्राचीन मंदिर मध्य प्रदेश के कटनी जिले के सिलौंडी से 7 किलोमीटर दूर ग्राम कचनारी पाली में स्थित है।मान्यता है कि मां अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। नवरात्रि के समय यहां विशेष पूजा और विशाल मेले का आयोजन होता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। वीरासन नाम का अर्थ है - वीरों के आसन पर विराजमान देवी।मंदिर में 9 दिन तक अखंड ज्योति जलती है, भक्त नारियल, चुनरी अर्पित करते हैं। बुंदेलखंड-महाकौशल क्षेत्र में मां का विशेष महत्व है।

सीईओ ने कहा लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

कटनी। जिले में स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों को प्रारंभ करते हुए तेजी लाने जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों एवं संबंधित निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को राशि आवंटित की जा चुकी है, उन सभी केंद्रों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं। निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्राम पंचायतवार निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करें तथा तकनीकी स्वीकृति, निर्माण की तैयारी और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए कार्यों को गति दें। साथ ही, निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें और प्रगति की जानकारी से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इसलिए इनके निर्माण में गंभीरता बरतते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखा जाए।

शांति समिति की बैठक में पर्व को शांति से मनाने दिये निर्देश

कटनी। कुठला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया की उपस्थिति में हुई बैठक में गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों ने सहभागिता की।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक अनिमेष द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में नवरात्रि के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना एवं पंडालों में सुरक्षा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन के निर्धारित नियमों एवं अनुमति के अनुसार करने तथा जुलूस, गरबा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने से बचने की अपील की। धार्मिक आयोजनों में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। उपस्थित नागरिकों एवं दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों से शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाने कहा गया।

कोई लापरवाही नहीं चलेगी, बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने के निर्देश

कूट रचित फर्जी दस्तावेज के सत्यापन में सख्ती, प्राचार्य की वेतनवृद्धि रोकने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में शासकीय कार्यों में लापरवाही और विभागीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता पर सख्ती दिखाते हुये अतिथि शिक्षक के कूट रचित फर्जी दस्तावेज के सत्यापन के मामले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरजीकलां के प्रभारी प्राचार्य राज कुमार धुर्वे की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर ने बैठक में बिना पूरी तैयारी के उपस्थित होने पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक सुश्री ज्योति सिंह के प्रति गहन नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा की बैठकों में विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों और निर्धारित लक्ष्यों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित हों।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा कार्यों को समय पर पूरा कराने के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में बरतें गंभीरता

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को लंबित शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को मुख्य मंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 16 अक्टूबर को बिलहरी में आयोजित होने वाले आगामी शिविर हेतु चयनित सीएम हेल्पलाइन एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को नवीन आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माताओं की एएनसी जांच एवं एनीमिया के मामलों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाईयां लिखने के भी निर्देश दिए ताकि जनऔषधि केन्द्रों पर आमजन को सस्ती दवाईयां उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के पंजीयन, पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों की स्थिति तथा पोषण ट्रैकर में चिन्हांकित सैम एवं मैम बच्चों की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित परियोजना अधिकारियों को लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नगर निगम, जिला पंचायत, एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित जिला अधिकारियों को अपने विभागों से जुड़े अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, मानवाधिकार आयोग, बाल संरक्षण आयोग, लोकायुक्तस एवं सीएम मॉनिट से संबंधित प्रकरणों के मामलों में कार्रवाई कर कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आज

पीएचई,शिक्षा,श्रम, डीएमएफ एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित जनपद पंचायतों के कार्यों की होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति और लंबित कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर आज मंगलवार, 13 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से बहु-विभागीय समीक्षा बैठक लेंगी। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा कार्यों की अद्यतन स्थिति की विभागवार समीक्षा की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, शिक्षा, श्रम, जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा जनपद पंचायतों के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति पर विशेष फोकस रहेगा।

योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं, लंबित कार्यों और लक्ष्यपूर्ति की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, विभागीय समन्वय सुदृढ़ कर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने तथा हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर रहेगा।

जानकारी के साथ पहुंचें

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों, जिला पंचायत की योजना शाखाओं के प्रभारियों, एसडीओ पीएचई, बीआरसी, सहायक यंत्रियों, उपयंत्रियों, सुपरवाइजरों, एडीईओ, पीसीओ, एपीओ, एएओ (वीबी-ग्रामजी), प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), वाटरशेड के विकासखंड समन्वयकों तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के ब्लॉक मैनेजरों को निर्धारित एजेंडा एवं आवश्यक प्रगति संबंधी जानकारी के साथ नियत समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में योजनाओं की समीक्षा के साथ कार्यों की समयबद्ध पूर्णता और मैदानी अमले की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अधिकारियों-कर्मचारियों को जनसंख्या गणना की प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार, कटनी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री आशीष तिवारी तथा जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम श्री नीलांबर मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण चार्ज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की परिचालन प्रक्रिया, प्रशासनिक एवं तकनीकी दायित्वों तथा गणना ब्लॉकों के गठन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जनसंख्या गणना संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 को ग्रामीण चार्ज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, दूसरे चरण में 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को कटनी नगरीय चार्ज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रभारी दीपिका कुमारी एवं प्रशिक्षक मोना चौहान ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना 2027 की परिचालन प्रक्रिया, प्रशासनिक अधिकारियों एवं लिपिकों के दायित्व, सीएमएमएस पीई मॉड्यूल, गणना ब्लॉकों के गठन तथा जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य के व्यवस्थित संचालन, निर्धारित प्रक्रियाओं के पालन और जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन पर जोर दिया गया।

ग्रामीण चार्ज के प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), जिला कार्यालय के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक सहित संबंधित चार्ज कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं।

इसी प्रकार, नगरीय चार्ज के प्रशिक्षण में नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी, संबंधित नगरीय चार्ज कार्यालयों के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक तथा नगर पालिका एवं नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल होंगे।

आधुनिक कृषि तकनीकों एवं फसलों का लिया जायजा



शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और आधुनिक कृषि पद्धतियों का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विकासखंड रीठी के ग्राम खम्हरिया नंबर-2 में कृषक राजकमल खटीक के खेत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कृषक द्वारा अपनाई जा रही कृषि गतिविधियों और आधुनिक तकनीकों से की जा रही खेती का अवलोकन किया। कृषक खटीक बड़े क्षेत्र में सब्जियों के साथ धान की खेती कर रहे हैं। कृषक राजकमल खटीक द्वारा 7.50 एकड़ क्षेत्र में टमाटर, 1.50 एकड़ में बैंगन तथा 0.50 एकड़ क्षेत्र में मिर्च की खेती की जा रही है। इन सब्जी फसलों में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर कृषक सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही उनके खेत में 40 एकड़ क्षेत्र में धान की फसल भी लहलहा रही है। खेत भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कृषक द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों और विभिन्न फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

अनुपयोगी साबित हो रहा लाखों से निर्मित शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मझगवां में पंचायत पूरी तरह से 'राम भरोसे' चल रही है। यहां पदस्थ रोजगार सहायक अपनी मर्जी के मालिक हे। अपनी मर्जी से पंचायत आना और मर्जी से चले जाना रोजगार सहायक की दिनचर्या बन चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, रोजगार सहायक और सचिव जनप्रतिनिधि की सरपरस्ती होने का दावा करते हुये नजर आ रहे हैं कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

विकास कार्यों में भी गुणवत्ता ताक पर रखी जा रही है। लाखों की लागत से बना शौचालय बना खस्ताहाल नजर आने लगा है पैसे की बर्बादी का 'जीता-जागता' उदाहरण है। शासकीय राशि से बनाया गया शौचालय अनुपयोगी बना हुआ है जिसमे ताला लगा रहता है। सरकारी पैसे का दुरुपयोग और देखना हो तो एक बार मझगवां तिराहे का रुख किया जा सकता है। यहाँ बस स्टॉपेज पर आम जनता और यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रुपए की भारी-भरकम लागत से एक सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कराया गया था लेकिन देखरेख के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के चलते आज यह आलीशान शौचालय एक जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

इनका कहना है

इस संबंध में बड़वारा सीईओ प्रभा तेकाम का कहना है मामला संज्ञान मे आया है जांच कराई जाएगी लापरवाही पाई जाएगी तो कारवाही करेंगे। वहीं सरपंच खली भाई जान का कहना है कि आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई हैं निश्चित रूप से दो तीन दिवस के अंदर शौचालय को व्यवस्थित कर सुचारू रूप से चालू करवाएंगे। किसी भी कर्मचारी की लापरवाही बर्दास्त नही जाएगी।

भारत में शिक्षा का भविष्य विषय पर पैनल चर्चा का हुआ आयोजन

आधुनिक शिक्षा की संभावनाओं तथा भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराने हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



छात्राओं को भारतीय शिक्षा व्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों, आधुनिक शिक्षा की संभावनाओं तथा भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराने और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत 'भारत में शिक्षा का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में 'भारत में शिक्षा का भविष्य' विषय के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास का आधार होती है। वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों तथा आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करना भी है। उन्होंने आधुनिक तकनीक, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बदलते समय के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन आवश्यक हैं।

डॉ. चित्रा प्रभात ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में समग्र एवं बहुविषयक शिक्षा, विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, नवीन तकनीकों को अपनाने और अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनाने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करे।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने शिक्षा के बदलते स्वरूप, तकनीकी नवाचार, डिजिटल माध्यमों की उपयोगिता तथा वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा की बढ़ती आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य की शिक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, समस्या समाधान की क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान का विशेष महत्व होगा।

ग्राम कौड़िया में चल रहा रामलीला का मंचन, धूमधाम से निकाली गई बारात

भगवान श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष, सीता ने पहनाई जयमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शक्ति की भक्ति के आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है ।शारदेय नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे जगह -जगह रामलीला का मंचन चल रहा है। स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत कौड़यि मैं आदर्श नवयुवक स्थानीय रामलीला मंडली समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रविवार को रामलीला मंचन में श्रीराम -जानकी विवाह मंचन हुआ।

धनुष तोड़ने की शर्त

राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए प्रण रखा कि जो भी शिव धनुष को भंग करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा।इसके लिए देश देशांतर आमंत्रण पत्र भेजा गया।बड़े बड़े राजा-महाराजा जनकपुर आये हुए थे ।सभी राजाओं ने शिव धनुष को उठाने भरपूर जोर लगाए लेकिन उठना तो दूर शिव धनुष हिल तक नही पाया।तब राजा जनक को पश्चताप हुआ।तब विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम उठे व शिव धनुष को भंग कर दिया।शिव धनुष टूटते ही सभी राजा अचंभित रह गए।शिव धनुष टूटने के बाद सीता ने भगवान श्रीराम को जयमाला पहनाई।

लक्ष्मण-परशुराम संवाद

शिव धनुष टूटने की ललकार सुनते ही परशुराम जनकपुर पहुँचे।जहां परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ। लक्ष्मण ओर परशुराम के बीच लंबे समय तक शब्दों की लड़ाई चलती रही।अंत मे भगवान श्रीराम आगे आये व कहा कि यह शिव धनुष मुनिराज हमने थोड़ा है जो दंड देना हो हमे दे ।अंत मे परशुराम ने भगवान श्रीराम को पहचान लिया व शीश झुकाया।फिर अवधपुरी विवाह का आमंत्रण भेजा गया।

जनकपुर आई बारात

अवधपुरी से बारात जनकपुर आई।जहां विधि विधान से श्रीराम जानकी विवाह संपन्न कराया। यह समारोह रात आठ बजे से बारह बजे तक चला। विवाह जिस तरह कराया गया लोगों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर कोई गीत मंगल गा रहा था तो कोई नृत्य कर रहा था, समारोह देखते ही बन रहा था।

विवाह से पूर्व भगवान श्रीराम बाटिका में पुष्प तोडने जाते हैं, उसका वर्णन गीतों के माध्यम से किया गया। उसके बाद श्रीराम घोड़े पर सवार होकर आए और राजा जनक के दरवाजे पर उनकी अगवानी की गई। श्रीराम मंचासीन हुए। उसके माता जानकी को लाया गया। चारों तरफ से राम राजा व माता जानकी की जय जयकार गूंज रही थी, श्रद्धालु पुष्पा वर्षा कर रहे थे। मंत्रोच्चारण के साथ विवाह की पूरी रस्म कराई।निकली राम बारात हुई पाँव पखरी-सोमवार को श्रीराम बारात निकाली गई।

पांव पखरी की हुई रस्म

ग्रामीणजन बाराती बने। मंगलवार को रामलीला मंचन मैं पाँव पखरी कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला- पुरुष व बच्चों ने भगवान श्रीराम व माता जानकी के पैर पखारे और भेंट प्रदान की।



मैहर जा रहे श्रद्धालुओं का जगह-जगह हो रहा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है!भक्त अपनी आस्था को लेकर माताराणी के दरबार हाजिरी लगाने मैहर जा रहे है। भक्त कोई दो पहिया तों कोई चार पहिया वाहन मे जा रहे है!साथ ही बड़ी संख्या मे भक्तो का जत्था पैदल मैहर जा रहा है। स्लीमनाबाद से चारों दिशाओ से मैहर जा रहे भक्तों का जत्था जा रहा है। मैहर जा रहे भक्तों का स्लीमनाबाद मे समाज सेवियों के द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को पानी की उपलब्धता के साथ चाय, फल-फूल ओर फालाहरी वस्तुओ की उपलब्धता करा रहे।

समाजसेवी नंदू हल्दकार ने बताया कि स्लीमनाबाद कटनी नदी के पास हर वर्ष शारदेय व चैत्र नवरात्र मे पंडाल लगाकर मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं की भक्ति सेवा कर पुण्य अर्जित किया जाता है।

खबर संक्षेप

जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक कल

दमोह। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद (मंडल बोर्ड) की बैठक का आयोजन 14 अक्टूबर, बुधवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में की गई है। उक्त आशय की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह ने दी ।

हाथीखाने की ऐतिहासिक दीवार पर प्रकृति का चमत्कार, सदियों से जिंदा हैं गुंजा के पेड़



पन्ना। ऐतिहासिक नगरी पन्ना में राजशाही दौर की विरासत से जुड़ा एक अनूठा नजारा आज भी लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। यहां पुराने हाथीखाने की करीब 200 से 250 मीटर लंबी और छह फीट चौड़ी दीवार पर दर्जनों बड़े-बड़े गुंजा के पेड़ उगे हुए हैं। खास बात यह है कि पत्थर और चूना-गच्ची से बनी इस पुरानी दीवार पर उगे पेड़ लंबे समय से जीवित हैं और बारहमासी हरे दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार, सदियों पहले इस स्थान पर पन्ना महाराज के हाथी रखे जाते थे। हाथियों को इन पेड़ों की पत्तियां खिलाई जाती थीं। समय के साथ राजशाही का दौर समाप्त हो गया, लेकिन दीवार पर उगे पेड़ों का अस्तित्व आज भी बना हुआ है।आगरा मोहल्ला निवासी निक्की राजा (30 वर्ष), बृजेन्द्र रैकवार (35 वर्ष) और शिवा यादव ने बताया कि गुंजा के ये पेड़ वर्षों से इसी तरह दीवार पर उगे दिखाई दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, वे करीब 25 वर्षों से इन पेड़ों को इसी स्थिति में देखते आ रहे हैं। कई बार पेड़ों की डालियां काटी गईं, लेकिन कुछ समय बाद फिर नई शाखाएं निकल आती हैं। पेड़ों की यह विशेषता लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई है।दीवार पर उगे एक पेड़ का तना बढ़ते-बढ़ते दीवार के भीतर समा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसकी मोटाई करीब ढाई फीट है। लगभग 15 फीट ऊंची बताई जाने वाली इस दीवार पर एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों बड़े पेड़ अलग-अलग स्थानों पर उगे हुए हैं। पुराने समय में निर्मित इस दीवार में आधुनिक सीमेंट के बजाय पत्थर और चूना-गच्ची का इस्तेमाल किया गया था।

संरक्षण की जरूरत, तस्वीरों में कैद है अनूठा नजारा

सदियों पुरानी बताई जाने वाली इस दीवार और उस पर उगे पेड़ों का दृश्य पन्ना की ऐतिहासिक विरासत के साथ प्रकृति के अनूठे सामंजस्य को दर्शाता है। इस स्थान के फोटो भी उपलब्ध हैं, जिनमें दीवार पर उगे पेड़ों को देखा जा सकता है। ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए दीवार के निर्माण काल और पेड़ों की वास्तविक आयु का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों से अध्ययन कराया जाना उपयोगी होगा। साथ ही, इस विरासत के संरक्षण की दिशा में भी पहल की जा सकती है।

पेंच के कुएं से रेस्क्यू हुई थी बाघिन, नौरादेही में बसाया नया कुनबा

मौत के कुएं से निकलकर मां बनी बाघिन मस्तानी, चार शावकों के साथ आई नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र से वन्यजीव संरक्षण की सुखद तस्वीर सामने आई है। कभी 30 फीट गहरे कुएं में गिरकर मौत के करीब पहुंची बाघिन मस्तानी अब अपने चार शावकों के साथ जंगल में अठखेलियां करती दिखाई दी है। वन विभाग के ट्रैप कैमरों में पूरी फैमिली की मौजूदगी दर्ज होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। करीब पांच माह के चारों शावक स्वस्थ नजर आ रहे हैं। कुएं में गिरने के बाद हुआ था रेस्क्यू 4 फरवरी 2025 को पेंच टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में सिवनी जिले के हरदोली गांव के पास जंगली सूअर का पीछा करते हुए बाघिन मस्तानी 30 फीट गहरे खुले कुएं में गिर गई थी। करीब चार घंटे चले रेस्क्यू अभियान में वन विभाग की टीम ने क्रेन और खाट की मदद से बाघिन तथा जंगली सूअर को सुरक्षित बाहर निकाला था। इसके अगले दिन 5 फरवरी को रेडियो कॉलर पहनाकर बाघिन को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र में छोड़ा गया।

अप्रैल में चार शावकों को दिया जन्म

नए जंगल में अपना ठिकाना बनाने के बाद मस्तानी ने अप्रैल 2026 में चार शावकों को जन्म दिया। शुरुआती दिनों में वह बच्चों के साथ दिखाई दी, लेकिन बाद में उसकी गतिविधियों की जानकारी मिलना बंद हो गई। रेडियो कॉलर से लोकेशन नहीं मिलने के कारण उसकी निगरानी चुनौती बन गई थी। अब ट्रैप कैमरों में बाघिन और चारों शावकों की तस्वीर सामने आने से वन विभाग को राहत मिली है। वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए भी शावकों का सुरक्षित और स्वस्थ दिखाई देना उत्साहजनक है। शुरुआती महीनों में शावकों को बीमारी, अन्य बाघों और प्राकृतिक खतरों से बचाना बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में मस्तानी का अपने चारों शावकों के साथ दिखाई देना संरक्षण की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

पर्यटकों ने दिया मस्तानी नाम

बाघिन को विभागीय तौर पर एन-6 के रूप में पहचाना जाता है। उसकी शाही चाल और अंदाज के कारण पर्यटकों तथा वन विभाग के अधिकारियों के बीच वह मस्तानी नाम से प्रसिद्ध हुई। विभाग प्रबंधन के लिए बाघों को नंबर देता है, जबकि प्रचलित नाम पर्यटन क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाते हैं।

'राधा' ने रखी थी नौरादेही में बाघों के कुनबे की नींव

नौरादेही में बाघों की आबादी बढ़ाने की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी, जब करीब ढाई साल की बाघिन एन-1 को यहां लाया गया। उसे राधा नाम दिया गया। इसके बाद बांधवगढ़ से बाघ किशन एन-2 लाया गया। मई 2019 में राधा ने तीन शावकों को जन्म दिया और नौरादेही में बाघों के कुनबे की शुरुआत हुई। बाद में राधा की संतानों ने भी वंशवृद्धि में योगदान दिया। वर्तमान में यहां बाघों की संख्या 30 के पार बताई जा रही है। नौरादेही अब मध्यप्रदेश के प्रमुख बाघ संरक्षण क्षेत्रों में शामिल है।

इनका कहना है

"कुछ समय पहले बाघिन के लापता होने की अफवाह थी, लेकिन वह अपने चार शावकों के साथ ट्रैप कैमरे में दिखाई दी है। चारों शावक स्वस्थ हैं। घने वन क्षेत्र में कभी-कभी रेडियो कॉलर का सिग्नल नहीं मिलता। बाघों के प्रचलित नाम विभाग नहीं, बल्कि पर्यटन क्षेत्र के लोग देते हैं।"
रजनीश सिंह, डिप्टी डायरेक्टर,

वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



दमोह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में महिलाओं के प्रति सभी प्रकार की हिसा एवं भेदभाव को समाप्त किये जाने के उद्देश्य जागरूकता अभियान अतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उका शिविर में जिला न्यायाधीश अनुराम कुशवाहा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया दमोह इन स्टॉप सेंटर का स्टॉफ एक महिलाये उपस्थित थी। जिला न्यायाधीश अनुराश कुशवाहा द्वारा उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुये घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुये बताया कि इस अधिनियम के अंर्तगत घर के अंदर होने वाली हिंसा यथा शारीरिक मौखिक लैंगिक, भावनात्मक, आर्थिक हिंसा को समाहित किया गया है। पीडित महिला को संरक्षण अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय के द्वारा कार्यवाही की जाती है, जिसमें विभिन्न प्रकार के आदेश यथा संरक्षण अभिरक्षा, निवास, आर्थिक आदेश पारित किये जा सकते है। पीडित महिला अपने अधिकारों को जाने आपने भरण-पोषण के विषय पर उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के सबंध में जानकारी देते हुये बताया यदि किसी महिला को न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने में अधिवक्ता की आवश्यकता है और वह अधिवक्ता नियुक्त करने में समक्षम नहीं है तो अपना आवदेन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करने पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने के सबंध में प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही आपने दहेज प्रतिषेद अधिनियम, पीडित प्रतिकर योजना के विषय पर उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी।

चंडी चोपरा में विराजीं मां दुर्गा की 9 प्रतिमाएं



दमोह। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन पूरा अंचल भक्तिमय हो गया। अलसुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। नवरात्रि की पूर्व संध्या से देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला जारी रहा। चंडी चोपरा स्थित मां चंडी दरबार में इस वर्ष मां दुर्गा की 9 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं, बनवार क्षेत्र में खेर माता मंदिर सहित 3 स्थानों पर प्रतिमाएं विराजमान हुईं। पटना मानगढ़ में संकट मोचन श्री रामलाल मंदिर, बस स्टैंड रोड, मटेना शक्ति धाम, हरदौल बाबा चबूतरा तथा बजरिया और यादव मोहल्लों में प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन शुरू किया गया। बम्होरी बस स्टैंड पर मां दुर्गा के साथ महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। नवरात्रि के पहले दिन माता के जयकारों, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना से वातावरण भक्तिमय रहा। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पंडाल और विद्युत सज्जा की गई है। श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

एनसीसी केडेट्स ने किये कार्यक्रम



हटा। टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर के सांदीपनि विद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जहां मेडिकल ऑफिसर कैप्टन डॉ आरपी कोरी एवं डॉ मनीष पटेल एसटीएस हरिकृष्ण दहायत द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र छात्राओं को टीवी रोग के लक्षण ,बचाव एव उन्मूलन की विस्तृत जानकारी दी गई 1 वही 11 एमपी बटालियन सागर के कमान अधिकारी द्वारा दिये गए दिशा निर्देशानुसार एनसीसी केडेट्स को टी वी मुक्त भारत अभियान में जन वॉलिंटियर बनाने एवं जन जागरूकता के लिये ट्रेनिंग दी गई 1 एनसीसी केडेट्स द्वारा कई जगह लोगो को जागरूक किया एवं टी वी रोग की जानकारी दी गई 1 एवं नुक्कड सभाओं एवं नाटक से जन जागरूकता अभियान चलाया गया 1 इस कार्यक्रम में कैप्टन डॉ आर पी कोरी ,विद्यालय प्राचार्य श्री मती ऋचा चौबे,एन सी सी आफिसर एस एस राजपूत ,पी एन खेमरिया, अंबानाथ स्वर्णकार मुकेश श्रीवास्तव, सत्येंद्र परिहार, संतोष कुशवाहा,एन सीसी केडेट्स दामोदर सेन ,नरेश पटेल ,दिपांसु ,सचिन अहिरवार, पंकज सेन,साहिल सोनी,कृष्ण विश्वकर्मा सोने सिंह राजेश सेन उपस्थित रहे 1

तेंदूखेड़ा में शारदीय नवरात्र की धूम

सेठानी जी के दरबार में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

तेंदूखेड़ा। शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर नगर एवं क्षेत्र में इन दिनों भक्ति और आस्था का माहौल बना हुआ है। नगर में करीब 24 से 25 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं, जहां प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। विद्या नगर स्थित जबलपुर मुख्य मार्ग पर ज्वाला देवी मंदिर के सामने विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बनी हुई है। नगर एवं क्षेत्र में मां दुर्गा के इस स्वरूप को श्रद्धालु प्रेमपूर्वक 'सेठानी जी' के नाम से जानते हैं। नवरात्र के दौरान यहां प्रतिदिन सुबह और शाम 7:30 बजे से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। महाआरती के दौरान नगर की हजारों माताएं-बहनें और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर मां जगत जननी की आराधना करते हैं। आरती के समय पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठता है। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाता है। नवरात्र के चलते नगर के विभिन्न देवी पंडालों और मंदिरों में भी सुबह से देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी है। जगह-जगह आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक आयोजनों से पूरा तेंदूखेड़ा भक्तिमय नजर आ रहा है।



संरक्षण की जरूरत, तस्वीरों में कैद है अनूठा नजारा

सदियों पुरानी बताई जाने वाली इस दीवार और उस पर उगे पेड़ों का दृश्य पन्ना की ऐतिहासिक विरासत के साथ प्रकृति के अनूठे सामंजस्य को दर्शाता है। इस स्थान के फोटो भी उपलब्ध हैं, जिनमें दीवार पर उगे पेड़ों को देखा जा सकता है। ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए दीवार के निर्माण काल और पेड़ों की वास्तविक आयु का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों से अध्ययन कराया जाना उपयोगी होगा। साथ ही, इस विरासत के संरक्षण की दिशा में भी पहल की जा सकती है।

बनवार में 32 गोवंश मुक्त कराने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

20 की रसीद पर ले जाए जा रहे थे 32 बैल, 5 संदिग्ध हिरासत में

दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार पुलिस चौकी इलाके में रविवार रात गोवंश को ले जाने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। भटिया-परस्वाहा के जंगलों के रास्ते 32 बैलों को ले जा रहे लोगों को भगवती मानव कल्याण संगठन और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोककर गोवंश को मुक्त कराया। मौके से तीन महिलाओं और दो पुरुषों सहित पांच संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। मुक्त कराए गए सभी गोवंश को जमनेरा स्थित शंकरगढ़ गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है।

20 गोवंश की रसीद, मौके पर मिले 32 बैल

इस पूरे मामले में सबसे अहम सवाल गोवंश की संख्या को लेकर खड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मनगुवां घाट से फसल सुरक्षा के उद्देश्य से 20 गोवंश को अन्यत्र ले जाने की रसीद



जारी होने की बात सामने आई है, जबकि मौके पर 32 बैल ले जाए जा रहे थे। रसीद मं दर्ज संख्या और वास्तविक संख्या के बीच अंतर मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में आवारा मवेशियों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के चलते ग्रामीणों ने गोवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का निर्णय लिया था। ग्राम पंचायत की ओर से जारी दस्तावेजों में भी फसल सुरक्षा का उद्देश्य बताए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, निर्धारित संख्या से अधिक गोवंश ले जाने की परिस्थितियों और इसके पीछे की वास्तविक वजह की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

जंगल के रास्ते ले जाए जा रहे थे बैल, कार्यकर्ताओं ने किया पीछा

बजरंग दल के बम्होरी खंड के कार्यकर्ताओं को कथित गोवंश तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए पीछा किया और 32 बैलों को मुक्त कराया। पकड़े गए पांच संदिग्धों को बनवार पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पंकज जैन ने बताया कि कार्यकर्ताओं को गोवंश ले जाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पीछा कर 32 बैलों को मुक्त कराया गया और उन्हें सुरक्षित गौशाला पहुंचाया गया। संदिग्ध लोगों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

रसीद की आड़ में क्या हुआ? पुलिस खंगाल रही पूरा मामला

मामले में अब यह जांच का विषय है कि गोवंश को ले जाने की अनुमति किन परिस्थितियों में जारी की गई थी, रसीद में 20 गोवंश का उल्लेख होने के बावजूद 32 बैल क्यों ले जाए जा रहे थे और इस पूरी प्रक्रिया में नियमों का पालन किया गया या नहीं। गोवंश को ले जाने के उद्देश्य और उससे जुड़े दस्तावेजों की भी जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

थाना प्रभारी बोले—जांच के बाद होगी कार्रवाई

नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से मिली सूचना के आधार पर 32 गोवंश को पकड़ा गया है। उनका मेडिकल परीक्षण कराकर गौशाला में छोड़ा गया है। मामले में पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब बड़ा सवालः क्या यह मामला किसानों की फसल बचाने के लिए गोवंश को दूसरी जगह पहुंचाने का है, या रसीद में दर्ज संख्या से अधिक बैल ले जाने के पीछे कोई दूसरी वजह है? फिलहाल पुलिस की जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

आरती नृत्य प्रतियोगिता में हुई शानदार प्रस्तुतियां

आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, एकल और समूह नृत्य के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जबलपुर नाका ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय आरती नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8 समूह नृत्य और 20 एकल नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम अलसुबह तक चला।



कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, मंदिर अध्यक्ष डॉ. आर.के. जैन, महामंत्री विनय मलैया, रूपचंद जैन, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय, महेंद्र दुबे एवं श्रीमती प्रीति गौतम की उपस्थिति में भगवान बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बाल ब्रह्मचारी अजय जैन झापन तमूरा वाले ने संगीतमय भक्ताम्बर पाठ प्रस्तुत किया। इसके बाद बालकों एवं महिलाओं ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम में श्रीमती कविता जैन ने नवगठित वामा महिला मंडल की पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। संयोजक ने मंदिर और आयोजन की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। श्रीमती ज्योति जैन के संचालन में सीनियर, जूनियर एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं। सीनियर एकल नृत्य में अनुश्री जैन प्रथम, रजनी जैन द्वितीय और रानी जैन तृतीय रहीं। जूनियर एकल नृत्य में अविका जैन ने प्रथम, आरना जैन ने द्वितीय और विदुषी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में पलंदी मंदिर महिला मंडल प्रथम, जिनशरणम महिला मंडल द्वितीय तथा भावना भक्ति ग्रुप, सागर तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल में अमर सिंह राजपूत, मानव बजाज, सुमित आर्जव, और श्रीमती पल्लवी जैन शामिल रहे। विजेताओं को नृत्य एवं कलाश्री उपाधि, प्रतीक चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और सहयोगियों की भूमिका रही। अंत में कार्यक्रम प्रभारी सुधीर विद्यार्थी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

समय-सीमा बैठक में संपन्न, दिए अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



सड़क से गौशाला की ओर अभियान के तहत सड़क पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश प्रतिदिन गौशाला में शिफ्ट किया जाये। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत ऐसे निराश्रित गौवंश को गौशाला में भेजे। सीईओ जिला पंचायत इसकी मॉनीटरिंग करेगे। नगर पालिका अधिकारी दमोह शहर के ऐसे गौवंश नजदीकी गौशालाओ में भेजना सुनिश्चित करे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समय सीमा बैठक के दौरान दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचातय प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत अधिकारी भ्रमण पर ग्रामो में जाने पर ग्राम में स्थित सभी संस्थान/ कार्यालय/ गौशाला आदि का निरीक्षण आवश्यक रूप से करे और निर्धारित फार्मेट पर एंट्री की जायें। आगामी जनसेवा शिविर नोहटा में आगामी शुक्रवार को आयोजित किया गया है। उन्होने स्वामित्व योजना के तहत की जा रही कार्यवाही में सभी संबंधित विभागो को कोआर्डिनेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कोर्ट के निर्णय में जो समय-सीमा दी जाती है, उनके समक्ष समय पर प्रस्तुत की जाये, ताकि समय पर पूरी कार्यवाही सुनिश्चित हो, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जावेगी। बैठक में एनएचआई को अधिकारियों से काउ कोचर वाहन को निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप सुनिश्चित करेने के निर्देश दिए गये। कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा तत्परता से निराकरण किया जाये। उन्होने कहा शिकायते नान-अटेण्ड न रहे। श्री यादव ने कहा समय पर निराकरण होने से पात्र व्यक्ति को समय पर लाभ मिल जायेगा। कलेक्टर श्री यादव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास से कहा विभागीय योजनाओ कार्यक्रमो की सप्ताहिक जिला स्तर पर और मासिक विकासखंड स्तरो पर अधिकारियों-कर्मचारियो की बैठक लेकर प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मतदाताओ के नाम जोड़ने संबंधी अभियान की चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक में अंतरविभागीय विषयो पर चर्चा कर संबंधित विभागो को निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

शारदेय नवरात्रि : तृतीय दिवस

चंद्रकला से अक्षरब्रह्म तक सृजनशक्ति ही चंद्रघंटा

शक्ति का वास्तविक चिंतन केवल उपासना की परंपरा नहीं, अपितु प्रकृति के सूक्ष्मतम सिद्धांतों को जीवन में प्रतिष्ठित करने की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। नवरात्रि का तृतीय दिवस माँ चंद्रघंटा की आराधना के माध्यम से चंद्रकला, नक्षत्र-विज्ञान, शब्दचेतना और ज्ञान के अंतर्संबंधों को समझने का अवसर प्रदान करता है। चंद्रमा की कलाएँ हमें सिखाती हैं कि विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है। जिस प्रकार चंद्रमा की शीतल आभा रात्रि के अंधकार में प्रकाश का संचार करती है, उसी प्रकार साधना मनुष्य के अंतःकरण में विवेक का उदय करती है। माँ चंद्रघंटा के मस्तक पर सुशोभित अर्धचंद्र इसी चैतन्य, शीतलता और संतुलन का प्रतीक है। उनके स्वरूप में सुशोभित दिव्य घंटा का नाद चेतना के जागरण और शक्ति के प्रकटीकरण का बोध कराता है। श्री भगवान ने कहा प्रकृति की अभिव्यक्ति नाद है और नाद की अभिव्यक्ति अक्षर। भारतीय चिंतन में शब्द को केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान के संप्रेषण और संस्कृति के संरक्षण का आधार माना गया है। मनुष्य की पहचान उसके नाम से आरंभ होती है, नाम भाषा से जुड़ता है और भाषा अक्षरों के विन्यास से अपना स्वरूप प्राप्त करती है। इस प्रकार अक्षर केवल ध्वनि के चिह्न नहीं, अपितु मानवीय ज्ञान-परंपरा के संवाहक हैं।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम
दमोह

भारतीय ज्योतिषीय परंपरा में नक्षत्रों के चरणों के आधार पर नाम का प्रथम अक्षर निर्धारित करने की पद्धति प्रचलित है। सत्ताईस नक्षत्रों के चार-चार चरणों की यह व्यवस्था नक्षत्र, ध्वनि और नामकरण के पारंपरिक संबंध को प्रकट करती है। यहाँ चंद्रमा की गति कालगणना का आधार बनती है और नक्षत्रों की व्यवस्था जीवन के विविध संस्कारों से जुड़ती है। इस दृष्टि से चंद्रकला और अक्षर-विन्यास का संबंध भारतीय ज्ञानपरंपरा की एक विशिष्ट सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। माँ चंद्रघंटा का स्वरूप हमें यह भी स्मरण कराता है कि मातृभाषा बालक की प्रथम बौद्धिक भूमि है। माँ की वाणी से परिचित होता शिशु ध्वनियों को पहचानना, शब्दों को ग्रहण करना और भावों को अभिव्यक्त करना सीखता है। यही आरंभिक संस्कार आगे चलकर उसकी शिक्षा, चिंतन और व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होते हैं। इस अर्थ में माँ केवल जन्मदात्री नहीं, बल्कि भाषा, संस्कार और जीवनबोध की प्रथम गुरु भी है। भारत की सनातन ज्ञानपरंपरा ने प्रकृति, भाषा, दर्शन, ज्योतिष और अध्यात्म के विविध आयामों को परस्पर संवाद की दृष्टि से देखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत का अध्ययन श्रद्धा के साथ-साथ विवेकपूर्ण अनुसंधान से भी किया जाए, ताकि प्राचीन ज्ञान की सांस्कृतिक गरिमा आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ सके। अतः माँ चंद्रघंटा का संदेश केवल आराधना तक सीमित नहीं है। वह हमें चंद्रकला से कालबोध, नाद से शब्दबोध, मातृभाषा से ज्ञानबोध और साधना से आत्मबोध की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। यही वह आध्यात्मिक यात्रा है, जिसमें अक्षर ज्ञान का माध्यम बनता है, ज्ञान विवेक का और विवेक मानवता के कल्याण का। माँ चंद्रघंटा की कृपा से वाणी में सत्य, बुद्धि में प्रकाश और जीवन में सृजन का सामर्थ्य जागृत हो यही शक्ति साधना का वास्तविक प्रयोजन है।

नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के लिए माना आभार

दमोह सहित सभी जिलों को मिल रही सड़कों की सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले को अनेक नई सड़कों की सौगात मिल रही है। इनमें दमोह-कटनी और दमोह-सागर फोर लेन रोड शामिल हैं। इनकी संयुक्त लागत साढ़े छह हजार करोड़ से अधिक है। इसके अलावा बांदकपुर में देव श्री जागेश्वर नाथ लोक के प्रथम चरण में 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य हो रहे हैं। रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास (संवाद भवन) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दमोह लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों, विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकास योजनाओं को लागू करने के लिए पुष्पहार, स्मृति चिन्ह और साफा बांधकर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती पर वीरों के शौर्य और आल्हा-ऊदल के किस्से आज भी गली-गली में गूंजते हैं। सागर और दमोह केवल दो जुड़वा जिला मुख्यालय नहीं हैं, बल्कि ये बुंदेलखंड की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।

बुंदेलखंड में पर्यटन, कृषि, व्यापार और उद्योग विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं।

कनेक्टिविटी से विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के प्रमुख नगरों और जिला मुख्यालयों तक बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाई जा रही है, क्योंकि अच्छी सड़कें विकास की संभावनाओं को साकार कर देती हैं। इसी उद्देश्य से दमोह-सागर, दमोह-कटनी मार्ग को फोरलेन करने के लिए मंजूरी दी गई। इससे दोनों जिला मुख्यालयों के बीच आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और क्षेत्र के विकास को तीव्र गति मिलेगी। इसके साथ ही मड़यिादो- रजपुरा और मड़यिादो-बनार- किशनगढ़ मार्गों का निर्माण भी किया जाएगा। दमोह-बांदकपुर मार्ग सहित तीन आरओबी का कार्य भी शीघ्र पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर क्षेत्र में बेहतर सड़क, अच्छी शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिलें, यही हमारी सरकार का लक्ष्य है। राज्य सरकार, विकास के लिए केवल घोषणाएं ही नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए यह जनसेवा का संकल्प है। सागर और दमोह के बीच लगभग 2 हजार करोड़ की लागत से वर्तमान 76.83 किलोमीटर मार्ग को चार लेन किया जाएगा। इस परियोजना में 4 बायपास भी बनाए जाएंगे। अच्छी सड़कों से राज्य के किसानों को मंडी तक फसल ले जाने, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने जैसे कार्यों में मदद मिलती है।

दमोह में 337.30 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दमोह जिले में सिंग्रामपुर में कैबिनेट बैठक भी की जा चुकी है। सड़क और ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही जिले में कई शहरी विकास योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। दमोह के 6 विकास खंडों में सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जो पूर्ण होने के करीब है। दमोह में 337.30 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होने जा रही है। यही नहीं, कृषि क्षेत्र में समृद्धि के लिए दमोह को विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं और जल जीवन मिशन से जोड़ने का क्रम जारी है। पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए बांदकपुर में 10 करोड़ की लागत से देव श्री जोगेश्वर नाथ लोक के प्रथम चरण का निर्माण किया जा रहा है।

नौरादेही स्थित वीरांगना अवंतीबाई लोधी नेशनल पार्क में चीतों का आवास होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। यह प्रदेश में चीतों का तीसरा रहवास क्षेत्र है। तीन सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन करीब 280 करोड़ की लागत से हो रहा है। यह परियोजनाएं शीघ्र पूरी हो रही हैं। दमोह को विकास की सौगातें मिलती रहेंगी।

उन्नत पशुओं की स्पर्धा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकारने प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर लाने के उद्देश्य से उन्नत मवेशी पलन को प्रोत्साहित किया है। जिलों में उन्नत पशुओं की स्पर्धा अयोजित कर पशुपालकों को पुरस्कृत करने की पहल की गई है। सांसद राहुल सिंह लोधी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व मंत्री द्वय जयंत मलैया, रामकृष्ण कुसमरिया सहित दमोह क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,नागरिक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रदर्शनी में दमोह के दो विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए मॉडल



दमोह। भारत मंडपम, नई दिल्ली में 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक की राष्ट्रीय प्रदर्शनी में दमोह जिले के दो विद्यार्थियों ने अपने नवाचार आधारित मॉडलों का प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिला एवं राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद दोनों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रदर्शनी में सहभागिता का अवसर मिला है। प्रदर्शनी में शासकीय सरदार पटेल विद्यालय, दमोह की छात्रा भुवनेश्वरी चक्रवर्ती ने पेयजल को प्रदूषित होने से बचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सौजना के विद्यार्थी राजा प्रजापति ने ट्रेंजर मशीन का मॉडल प्रदर्शित किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षक बहादुर सिंह ठाकुर एवं सूर्यकांत कोरी तथा प्राचार्य सुलक्षणा हजारी भी सहभागिता कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से समस्या के समाधान और नवाचार की दिशा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबलपुर जोन के दल प्रभारी मोहन राय ने बताया कि राष्ट्रीय प्रदर्शनी में देशभर के विभिन्न प्रांतों से आए 1000 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। दमोह के दोनों विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन जिले के लिए गौरव का विषय है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जबेरा में शिविर 16 अक्टूबर को

दमोह। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत जबेरा की कुल 37 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायत घटेरा, मनगुवां मानगढ़, बनवार, हरदुआ मानगढ़, लरगुवां, गोलापट्टी, परस्वाहा, झरौली, पटना मानगढ़, मनगुवां घाट, रौड़, सग्राम, रीछई, इमलिया, माला, बम्होरी, चिलौद, मझगुवां मानगढ़, सिमरी जालमसिंह, डूमर, हरदुआ सुमेर, महुआखेड़ा, चौपरा, पट्टी महाराज सिंह, मौसीपुरा, कुलुवा, हिनौती, ठेंगापट्टी, साखा, घांघरी, नोहटा, बीजाडोगरी, गुड़ा, मुड़ारी, खमरिया मौजीलाल, बिजोरा, कटंगी एवं परासई को शामिल किया गया है।

मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया भूमिपूजन

हिरदेपुर में 48 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

हृदयपुर पंचायत स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भूमिपूजन किया। भवन बनने से सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित होने से यह स्थल विशेष महत्व रखता है। यहां प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं। सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक संगठनों, युवाओं, किसानों और जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधाजनक स्थान मिलेगा। इससे सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं विचारों से जुड़ी गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाएगा। इसका लाभ केवल हृदयपुर पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी मिलेगा।मंत्री के होमगार्ड ग्राउंड स्थित हेलीपैड पहुंचने पर विधायक हटा उमादेवी खटीक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।ये रहे मौजूदः विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल एवं शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, आलोक गोस्वामी, नरेंद्र बजाज, पं. नरेंद्र दुबे, सुशील गुप्ता, अनुपम सोनी, मोंटी रैकवार, यशपाल ठाकुर, कृपाल सिंह, मयंक तंतुवाय, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम संजय दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आदिवासियों का अनोखा प्रदर्शनः हाथों में रस्सी बांध कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं, 50 एकड़ जमीन एनजीओ को देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह जिले के जबेरा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कुसमी-मानगढ़ गांव की आदिवासी महिलाएं सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनोखे और उग्र रूप में नजर आईं। अपने हाथों में रस्सियां बांधकर और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दर्जनों आदिवासी महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि जिस 50 एकड़ सरकारी जमीन पर वे पिछले 50 वर्षों से खेती कर रहे हैं और मकान बनाकर रह रहे हैं, उसे सरकार एक निजी एनजीओ (जनकल्याण न्यास) को देने की तैयारी कर रही है।



धोखे से हस्ताक्षर कराने का आरोप प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 50 आदिवासी परिवार इस जमीन पर खेती कर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं और शासन के नियमानुसार समय-समय पर जुर्माना राशि भी भरते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा जमीन हस्तांतरण की न तो कोई मुनादी कराई गई और न ही ग्रामीणों को सूचना दी गई।

गांव के कोटवार ने गांव में बड़ा सीएम राइज (CM Rise) स्कूल बनना हैऱ की अफवाह फैलाकर मासूम आदिवासियों से कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद अचानक ग्रामीणों को जमीन खाली करने का फरमान सुना दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह जमीन किसी निजी संस्था को सौंपी जाती है, तो दर्जनों गरीब आदिवासी परिवार पूरी तरह बेघर और बेसहारा हो जाएंगे।

कांग्रेस और जिला पंचायत सदस्य का मिला समर्थन

आदिवासी महिलाओं के इस प्रदर्शन को स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी साथ मिला। जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर और कांग्रेस नेता नितिन मिश्रा भी आदिवासियों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे।

कांग्रेस नेता नितिन मिश्रा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा जिस जनकल्याण न्यास को यह 50 एकड़ बहुमूल्य भूमि दी जा रही है, प्रशासन पहले उसकी जांच करे कि उस संस्था ने आज तक जिले में कौन सा सामाजिक कार्य किया है? 50 सालों से काबिज इन गरीब आदिवासियों को अचानक बेदखल कर संस्था को उपकृत करना न्यायसंगत नहीं है।

प्रशासन और राजस्व विभाग का पक्ष

मामले की गंभीरता को देखते हुए पटवारी और तहसीलदार ने स्थिति स्पष्ट की है:

पटवारी तुलसीराम विश्वकर्मा के अनुसारः सरस्वती स्कूल की एक संस्था ने वृद्धाश्रम और विकलांग पुनर्वास केंद्र बनाने के लिए भूमि का आवेदन दिया था। इस खसरा नंबर की जमीन पर अतिक्रमण, घाना गांव का आम रास्ता और नर्सरी आदि आते हैं। आपत्ति दर्ज कराने की सूचना जारी की गई थी। अभी पंचायत और वन विभाग (Forest) की एनओसी (NOC) प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है और जमीन किसी भी संस्था को आवंटित नहीं की गई है।

तहसीलदार आशुतोष गुप्ता (जबेरा) के अनुसारः कुसमी-मानगढ़ का संबंधित नंबर सरकारी है। संस्था का आवेदन प्राप्त होने के बाद ग्रामीणों की आपत्तियों को शामिल करते हुए जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया गया है। फिलहाल जमीन किसी भी संस्था को लीज पर नहीं दी गई है। हालांकि, नियमानुसार कोई भी संस्था भूमि के लिए आवेदन कर सकती है।

जिले में पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, 22 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान फरार आरोपियों, वारंटियों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के साथ अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने लंबे समय से फरार 22 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसके अलावा 27 गिरफ्तारी वारंट और 28 जमानती वारंट तामील किए गए। अभियान के दौरान 38 गुंडा बदमाशों और 25 निगरानी बदमाशों की जांच कर उन्हें आवश्यक हिदायत दी गई।

21 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं, धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 15 प्रकरणों में 21 व्यक्तियों को पाबंद किया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों, नशे के कारोबारियों और फरार अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

आरबीएसके चिकित्सकों की कुष्ठ रोग पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोग की समय से पहचान, उपचार एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज आरबीएसके के चिकित्सकों के लिए कुष्ठ रोग विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिले की डीईआईसी ईकाइ में किया गया। कार्यशाला में मौजूद आर.बी.एस.के. चिकित्सकों को कुष्ठ रोग के लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक जांच, त्वरित उपचार एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रेक्शन अल्बर्ट ने कुष्ठ रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वे क्षेत्र में प्रारंभिक अवस्था में ही रोग की पहचान करें, संदिग्ध मरीजों की जांच कराएं व समय पर उपचार सुनिश्चित करें ताकि दिव्यांगता से उन्हें बचाया जा सके। कार्यशाला में डॉ. अल्बर्ट ने कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव के संबंध में लोगों को जागरूक करने की बात मौजूद आरबीएसके चिकित्सकों से कही। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं बल्कि एक सामान्य बैक्टीरिया जनित बीमारी है, जो नियमित उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकती है। समाज में इस रोग को लेकर फैली भ्रांतियों एवं भेदभाव को दूर करना बेहद आवश्यक है, ताकि प्रभावित व्यक्ति बिना किसी संकोच के सामने आकर उपचार प्राप्त कर सकें। फिजियोथैरैपिस्ट डॉ. रजनीश गंगरा ने आंगनबाड़ियों और स्कूलों में दर्ज बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों, जैसे त्वचा पर सुन्न या हल्के रंग के धब्बे, पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ संदिग्ध स्थिति में आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई करने के संबंध में जानकारी साझा की। कार्यशाला आयोजन में डीईआईसी मैनेजर नरेश राठौर, रतन सिंह ठाकुर, संदीप पटेल, शुभम राठौर, नरेंद्र रैकवार एवं अजय अहिरवार की उपस्थिति रही।

बिजली विभाग ने चोरी के 10 प्रकरण बनाए

पथरिया। विद्युत बिलों की बकाया राशि वसूली और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग ने पथरिया उपसंभाग में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिजली चोरी एवं अनियमितताएं पाए जाने पर चोरी के 10 प्रकरण तैयार किए गए, जबकि बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 18 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए। अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान के मार्गदर्शन एवं उत्तर संभाग दमोह के कार्यपालन अभियंता बीपी पटेल के निर्देशन में अधिकारियों की टीम ने यह कार्रवाई की। विद्युत विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं से असुविधा से बचने के लिए लंबित बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बकाया वसूली और बिजली चोरी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बाइक से गांजा ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार, एक किलो गांजा जब्त



पटेरा। नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पटेरा पुलिस ने 11 अक्टूबर को मोटरसाइकिल से गांजा ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से करीब एक किलो गांजा, जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई गई है, बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर सुनील पाठक (निवासी वार्ड क्रमांक 11, हटा) और वीरेंद्र सिंह लोधी (निवासी इटवा, थाना रनेह) को पकड़ा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों से गांजे के स्रोत और अन्य संभावित संलिप्तता के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रचना मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेश सिंह, आरक्षक इंद्रजीत, अनिल सिंह, प्रताप भानु, बुजेश अठ्या, मयंक दुबे और सैनिक विमलेश रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।